भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-3044

उत्तर दिनांक 27/03/2025 को दिया गया

परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में नई परियोजनाएं

3044. श्री मस्तान राव यादव बीडा

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या सरकार ने देश में परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए क्षेत्रों/स्थानों की पहचान करने के लिए हाल ही में कोई सर्वेक्षण/अध्ययन कराया है;

(ख) यदि हां, तो देश भर में विशेष रूप से आंध्र प्रदेश में पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रस्तावित, निर्माणाधीन और वर्तमान में कार्यशील परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में मौजूदा और भावी परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के रखरखाव, निर्माण और स्तरोन्नयन के लिए आवंटित और उपयोग की गई कुल राशि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) पिछले पांच वर्षों के दौरान परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के संबंध में आयात किए गए उपकरणों और प्रौद्योगिकियों की कुल मात्रा और कीमत का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) भावी नाभिकीय विद्युत संयंत्रों की स्थापना के लिए संभावित स्थलों के निर्धारण की प्रक्रिया एक सतत गतिविधि है, जिसे परमाणु ऊर्जा विभाग की स्थायी स्थल चयन समिति (एसएसएससी) द्वारा किया जाता है।

(ख) विवरण अनुलग्नक में दिए गए हैं।

(ग) चालू वर्ष 2024-25 (संशोधित अनुमान) में प्रगतिशील एवं नई परियोजनाओं, मौजूदा प्रचालित बिजलीघरों के उन्नयन और सहायक योजनाओं के लिए कुल आवंटन रुपए 20908 करोड़ है, जिसमें से वर्ष 2024-25 में जनवरी 2025 तक व्यय रुपए 13769 करोड़ रहा है।

(घ) रूसी सहयोग से स्थापित कुडनकुलम नाभिकीय विद्युत परियोजना इकाई 3 से 6 (केकेएनपीपी 3 से 6) के निर्माण और प्रचालनरत केकेएनपीपी 1 व 2 के उन्नयन के लिए पिछले पांच वर्षों (2020-21 से 2024-25 फरवरी तक) के दौरान आयातित उपकरणों और प्रौद्योगिकी की कुल मात्रा लगभग 2,11,125 एफआरटी है, जिसका मूल्य लगभग 3445 मिलियन अमेरिकी डॉलर (यूएसडी) है।

*****

अनुलग्नक

क्रम सं.	रिएक्टर व स्थल	क्षमता (मेगावाट)
प्रचालित बिजलीघर		
1	आरएपीएस-1, रावतभाटा, राजस्थान	100#
2	आरएपीएस-2, रावतभाटा, राजस्थान	200
3	टीएपीएस-1, तारापुर, महाराष्ट्र	160
4	टीएपीएस-2, तारापुर, महाराष्ट्र	160
5	एमएपीएस-1, कल्पाक्कम, तमिलनाडु	220
6	एमएपीएस-2, कल्पाक्कम, तमिलनाडु	220
7	एनएपीएस-1, नरौरा, उत्तर प्रदेश	220
8	एनएपीएस-2, नरौरा, उत्तर प्रदेश	220
9	केएपीएस-1, काकरापार, गुजरात	220
10	केएपीएस-2, काकरापार, गुजरात	220
11	आरएपीएस-3, रावतभाटा, राजस्थान	220
12	आरएपीएस-4, रावतभाटा, राजस्थान	220
13	आरएपीएस-5, रावतभाटा, राजस्थान	220
14	आरएपीएस-6, रावतभाटा, राजस्थान	220
15	कैगा-1, कैगा, कर्नाटक	220
16	कैगा-2, कैगा, कर्नाटक	220
17	कैगा-3, कैगा, कर्नाटक	220
18	कैगा-4, कैगा, कर्नाटक	220
19	टीएपीएस-3, तारापुर, महाराष्ट्र	540
20	टीएपीएस-4, तारापुर, महाराष्ट्र	540
21	केएपीएस-3, काकरापार, गुजरात	700
22	केएपीएस-4, काकरापार, गुजरात	700
23	केकेएनपीपी-1, कुडनकुलम, तमिलनाडु	1000
24	केकेएनपीपी-2, कुडनकुलम, तमिलनाडु	1000
निर्माण/कमीशनन के अधीन परियोजनाएं		
25	आरएपीपी-7## व 8, रावतभाटा, राजस्थान	2 X 700
26	केकेएनपीपी-3 व 4, कुडनकुलम, तमिलनाडु	2 X 1000
27	केकेएनपीपी-5 व 6, कुडनकुलम, तमिलनाडु	2 X 1000
28	जीएचएवीपी-1 व 2, गोरखपुर, हरियाणा	2 X 700
29	कैगा-5 व 6, कैगा, कर्नाटक	2 X 700
30	पीएफबीआर, कल्पाक्कम, तमिलनाडु	1 X 500

मंजूरी प्राप्त एवं पूर्व-परियोजना गतिविधियों के अधीन परियोजनाएं		
31	जीएचएवीपी-3 व 4, गोरखपुर, हरियाणा	2 X 700
32	चुटका-1 व 2, चुटका, मध्य प्रदेश	2 X 700
33	माही बांसवाड़ा-1 व 2*, बांसवाड़ा, राजस्थान	2 X 700
34	माही बांसवाड़ा-3 व 4*, बांसवाड़ा, राजस्थान	2 X 700
'सिद्धांततः' अनुमोदन प्राप्त स्थल		
35	कोव्वाडा, यूनिट-1 से 6, आंध्र प्रदेश	6 X 1208
36	जैतापुर, यूनिट-1 से 6, महाराष्ट्र	6 X 1730
37	मिठी विर्डी, यूनिट-1 व 2, गुजरात	2 X 1000
38	भीमपुर, यूनिट-1 से 4, मध्य प्रदेश	4 X 700
39	हरिपुर, यूनिट-1 से 6, पश्चिम बंगाल	6 X 1000

 # विस्तारित शटडाउन के अधीन।

##आरएपीपी -7 व 8 की यूनिट -7 (700 मेगावाट) को दिनांक 17.03.2025 को ग्रिड से जोड़ा गया।

**अणुशक्ति विद्युत निगम लिमिटेड (अश्विनी) को सौंपी गई।*

******